प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 22.03.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व जल दिवस पर देशवासियों से जल की हर बूंद बचाने का संकल्प लेने का किया आह्वान।

- जमशेदपुर में सुवर्णरेखा घाट पर बरामद हुआ 227 किलो का रहस्यमयी और शक्तिशाली बम, पूरा इलाका सील, सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने के लिए ली जाएगी सेना की मदद।

- बिहार दिवस पर आज राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के साथ राज्यपाल ने बिहार वासियों को दी शुभकामनाएं, कहा– बिहार गढ़ रहा प्रगति के नए आयाम।

- लोक आस्था और सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ आज नहाय–खाय के साथ हुआ शुरू।

****

विश्व जल दिवस के अवसर पर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों से पानी की हर बूंद के संरक्षण और उसके जिम्मेदार उपयोग को सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में, श्री मोदी ने कहा कि पानी जीवन का आधार है और पृथ्वी के भविष्य को आकार देता है। प्रधानमंत्री ने सतत विकास में लगे हुए, जागरूकता फैलाने और जल संरक्षण की संस्कृति को बढ़ावा देने वाले लोगों की सराहना भी की।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी विश्व जल दिवस पर राज्यवासियों से समृद्ध झारखंड के लिए जल बचाए –जीवन बचाए का संकल्प लेने की अपील की।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश में किसी निर्वाचित सरकार का सबसे अधिक समय तक नेतृत्व करने वाले शासनाध्यक्ष बन गए हैं। श्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के तौर पर संयुक्त रूप से 8 हजार 931 दिन का कार्यकाल पूरा कर लिया है।

****

राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि देश के कई राज्यों में एसआईआर चल रहा है और इसमें नये मतदाताओं को जोड़ने और अवैध रूप से रह रहे लोगों का नाम मतदाता सूची से हटाया जायेगा। पाकुड़ में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने घुसपैठ को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बताया।

****

राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त एवं लोकायुक्त के चयन के लिए 25 मार्च को चयन समिति की बैठक बुलायी गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में चयन समिति की बैठक आवासीय कार्यालय कांके रोड में शाम पांच बजे से होगी। इस बैठक में चयन समिति के सदस्य और प्रतिपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी तथा मुख्यमंत्री द्वारा नामित मंत्री हफीजुल हसन शामिल होंगे।

****

पूर्वी सिंहभूम जिले के बहरागोड़ा थाना क्षेत्र में स्वर्णरेखा नदी से एक रहस्यमयी और शक्तिशाली बम बरामद हुआ है । रांची से पहुंची बम निरोधक दस्ते ने जांच के बाद करीब 227 किलो वजनी शक्तिशाली बम की पुष्टि की है। अब इसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने के लिए भारतीय सेना की मदद ली जाएगी। फिलहाल प्रशासन ने पूरे इलाके को सील कर दिया है और लोगों को दूर रहने की सलाह दी गई है। पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार नायक ने बताया कि इसे सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय करने के लिए वरीय अधिकारियों से पत्राचार किया गया है।

****

केन्द्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी कल 7वें चरण की खनिज ब्लॉक नीलामी की शुरुआत करेंगे। इनमें कई राज्यों के 19 ब्लॉक शामिल हैं। इन ब्लॉक में स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी, उर्वरक एवं रणनीतिक उद्योगों जैसे क्षेत्रों के लिए आवश्यक खनिजों के भंडार हैं। खान मंत्रालय ने बताया कि यह नीलामी ऑनलाइन तरीक़े से होगी। पिछले छह चरणों में 46 खनिज ब्लॉकों की नीलामी की गई है।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिहार स्थापना दिवस के अवसर पर देश और विदेश में रहने वाले बिहारवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, राष्ट्रपति मुर्मू ने बिहार को विश्व के पहले गणतंत्र की भूमि और गौरवशाली साम्राज्यों के साथ–साथ समृद्ध सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराओं का जन्मस्थान बताया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस अवसर पर बिहार के लोगों को बधाई दी है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बिहार राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी है। उन्होंने अपने संदेश में लिखा है कि समृद्ध इतिहास, गौरवशाली परंपराओं एवं सांस्कृतिक विरासत से संपन्न बिहार निरंतर प्रगति एवं विकास के नए आयाम स्थापित करता रहे, यही मंगलकामना है।

****

केन्द्र सरकार ने बजट 2025–26 के अनुरूप सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों और निर्यातकों को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक ऋण गारंटी योजना में बड़े बदलाव किए हैं। एक रिपोर्ट

****

देवघर जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि जिले में पेट्रोल, डीजल और घरेलू गैस का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है, इसलिए लोगों को घबराकर खरीदारी करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि गैस सिलेंडरों की आवक और वितरण की प्रतिदिन निगरानी की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 34 हजार 9 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 38 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ आज नहाय–खाय के साथ हुआ। कल खरना और परसो अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा जबकि बुधवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के साथ अनुष्ठान संपन्न होगा। इधर बाजारों में भी पूजा से जुड़े सामानों की खरीदारी बढ़ गई है।

****